भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 283*
20 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

केन्द्रीय सचिवालय का साझा भवन

***283. श्री ए. राजा:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार के विभिन्न कार्यालयों के लिए नई दिल्ली में सेंट्रल विस्टा में केन्द्रीय सचिवालय के साझा भवन के निर्माण कार्य में कितनी प्रगति हुई है;

(ख) नए भवन में विभिन्न कार्यालय कब तक स्थानांतरित कर दिए जाएंगे;

(ग) भविष्य में इन पुराने भवनों का उपयोग किस प्रकार किया जाएगा तथा उनका रखरखाव किस प्रकार किया जाएगा; और

(घ) इस संपूर्ण परियोजना के लिए बजट में कुल कितने व्यय का प्रावधान किया गया है तथा वर्षवार कुल कितना व्यय स्वीकृत किया गया है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य मंत्री
(श्री मनोहर लाल)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

''केन्द्रीय सचिवालय का साझा भवन'' विषय में 20 मार्च 2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 283* (तृतीय स्थिति) के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (घ): कर्तव्य पथ के साथ साझा केन्द्रीय सचिवालय भवन 1, 2, 3 और 10 का निर्माण कार्य चल रहा है। इनके पूरा होने की समय-सीमा इस प्रकार है:

I. साझा केन्द्रीय सचिवालय भवन-3: 30.04.2025
II. साझा केन्द्रीय सचिवालय भवन-1: 30.06.2025
III. साझा केन्द्रीय सचिवालय भवन-2: 30.07.2025
IV. साझा केन्द्रीय सचिवालय भवन-10: 30.04.2026

इन भवनों के पूरा होने के बाद, अग्नि सुरक्षा मंजूरी सहित अधिभोग के लिए सांविधिक मंजूरी प्राप्त की जाएगी और तत्पश्चात इन भवनों में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को स्थानांतरित करने हेतु सौंपा जाएगा। इन खाली किए गए कार्यालय भवनों के भविष्य के उपयोग को नियत समय में अधिसूचित किया जाएगा।

स्वीकृत राशि और वर्षवार व्यय विवरण इस प्रकार है:

I. साझा केन्द्रीय सचिवालय भवन -1, 2 और 3:
स्वीकृत राशि- 3690 करोड़ रुपये
वर्ष-वार व्यय-
वित्त वर्ष 2021-22: 275.37 करोड़ रुपये
वित्त वर्ष 2022-23: 853.40 करोड़ रुपये
वित्त वर्ष 2023-24: 1031.45 करोड़ रुपये
वित्त वर्ष 2024-25: 921.47 करोड़ रुपये

II. साझा केन्द्रीय सचिवालय भवन -10:
स्वीकृत राशि- 621 करोड़ रुपये
वर्ष-वार व्यय-
वित्त वर्ष 2023-24: 10.77 करोड़ रुपये
वित्त वर्ष 2024-25: 93.01 करोड़ रुपये

******